

बिहार सरकार

समाहरणालय, दरभंगा
(कल्याण प्रशाखा)

नामांकन–सूचना

प्राक्–परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र

H.C. Circulate among concerned student at the earliest

S. Rawt do needful

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के इंटर/स्नातक उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं के लिए SSC/BPSC सेवाओं में चयनित होने के लिए परीक्षा पूर्व निः शुल्क प्रशिक्षिण हेतु आवेदन–पत्र का आमंत्रण।

राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओ की तैयारी हेतु प्राक्–परीक्षा केन्द्र, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय,दरभंगा में सचालित है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023–24 में क्रमश: एस0एस0सी0 एवं बी0पी0एस0सी0 कोर्स में 60–60 सीट कुल–120 सीट हेतु आवेदन पत्र आमत्रित किया जाता है। उपलब्धता के आधार पर महिलाएँ एवं दिव्यागों को क्रमश: 35% एवं 3% की वरीयता दी जायेगी।

छात्र / छात्राओं का चयन संबंधित विशय के बहुवैकल्पिय लिखित परीक्षा के माध्यम से मेधा सूची के आधार पर किया जायेगा। प्रशिक्षण अवधि के दौरान आवास की व्यवस्था नहीं है।

छात्र / छात्रा की पात्रता:– 1. आवेदन बिहार राज्य का मूल निवासी हो। 2. अनुसूचित जाति का सदस्य हो। 3. एक छात्र दो बार से ज्यादा प्रशिक्षण प्राप्त नही कर सकते है। 4. अभिभावक की वार्षिक आय अद्यतन 2.50 लाख (दो लाख पचास हजार) रूपये से कम हो एवं 5. छात्र / छात्रा इंटर / स्नातक उत्तीर्ण हो।

प्रशिक्षण की अवधि:– 02 छ. माह

छात्रवृत्ति:– छात्रवृत्ति की राशि विभाग द्वारा आवंटन प्राप्त होने पर प्रदान की जायेगी, परंतु छात्र / छात्राओ को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी उपस्थिति वर्ग में 75% से कम न हो।

आवेदन कैसे करें :–आवेदन पत्र को निम्नांकित विहित प्रारूप,जन्म तिथि,सभी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्रों,जाति,आय,आवासीय प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ स्वपता लिखित लिफाफा 40(चालीस) रूपये का डाक टिकट एवं चार फोटो (पासपोर्ट साईज संलग्न कर निदेशक, प्राक्–परीक्षा केन्द्र, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्याल (प्रेस परिसर),दरभंगा को केवल निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा भेजा जा सकता है। स्थानीय छात्र / छात्राएँ प्राक्–परीक्षा केन्द्र में सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नामाकन फार्म जमा कर सकते है।

आवेदन की अंतिम तिथि:– प्राक्–परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र,ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, (प्रेस परिसर) दरभंगा में आवेदन–पत्र समर्पित करने की अंतिम तिथि विज्ञापन प्रकाशित होने के उपरात (15) पन्द्रह दिनों तक होगी।

परीक्षा की संभावित तिथि	–	विज्ञापन प्रकाशित होने के 20वे दिन होगी।
प्रशिक्षण की तिथि	–	फरवरी 2024 के प्रथम सप्ताह से।
प्रशिक्षण–व–परीक्षा शुल्क	–	नि:शुल्क।

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखी जा सकती है।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
दरभंगा।

PR- 13807 (WELFARE) 2023-24